# Dr. Digvir Singh Jasya, Vice Chancellor of Lethbridge University, Canada, Visited SVPUAT Meerut on 6th Nov. 2025

SVPUAT, Meerut had the privilege of hosting Dr. Digvir Singh Jasya, Vice Chancellor of Lethbridge University, Canada, during his visit on 6th Nov 2025 to the campus. Dr. Jasya interacted with students and faculty members, showing keen interest in developing academic and research collaborations between the two universities.

Hon'ble Vice Chancellor Dr. K. K. Singh warmly welcomed Dr. Jasya and emphasized the importance of such international partnerships in enhancing the global visibility of SVPUAT. He encouraged faculty and students to actively participate in joint academic and research initiatives, which will contribute significantly to strengthening the university's academic environment and creating new opportunities for innovation and learning.









# Media Coverage

## कनाडा के विश्वविद्यालयों के साथ बढ़ेगा अनुसंधान सहयोग

मोदीपुरम। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लेथब्रिज यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रेसिडेंट डॉ. दिग्वीर सिंह जायस पहुंचे। इस दौरान शैक्षणिक संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

डॉ. जायस ने कहा कि भारत और कनाडा के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को और बढ़ाया जाएगा। इससे दोनों देशों के युवाओं को शिक्षा, कॅरिअर और अनुसंधान के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे।

इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच कृषि जैव प्रौद्योगिकी, भंडारण कीट विज्ञान, कृषि नवाचार व तकनीकी हस्तांतरण जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. जायस ने बताया कि इन क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग से अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ेगी।

छात्रों और वैज्ञानिकों को वैश्विक स्तर पर नई संभावनाएं मिलेंगी। उन्होंने अच्छे शोध, सहयोगी प्रपोजल तैयार करने के

**लेथब्रिज यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रेसिडेंट डॉ. दिग्वीर सिंह कृषि विवि पहुंचे**



डॉ. दिग्वीर सिंह का स्वागत करते कुलपति डॉ. केके सिंह। स्रोत :संस्था

तरीके और विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रभावी रेफरेंस लेटर, लिखने की प्रक्रिया, कनाडा के विश्वविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

कुलपति डॉ. केके सिंह ने डॉ. दिग्वीर सिंह का स्वागत किया और उन्हें अनुसंधान उपलब्धियों, चल रही परियोजनाओं की जानकारी दी। संचालन कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह ने किया।

पेज संख्या : 01
मूल्य :02/-
Friday
7th Nov 2025

**NEWS TIMES**
उत्तरप्रदेश उत्तराखंड दिल्ली हरियाणा पंजाब

**सुविचार -**
समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।

लेथब्रिज यूनिवर्सिटी, कनाडा के प्रेसिडेंट डॉ. दिग्वीर सिंह जायस का विश्वविद्यालय में आगमन

## कृषि जैव प्रौद्योगिकी एवं अन्य अनुसंधान क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा

**मेरठ में लेथब्रिज यूनिवर्सिटी, कनाडा के प्रेसिडेंट डॉ. दिग्वीर सिंह जायस का आगमन हुआ**

**उत्सव भारद्वाज मेरठ**

**मेरठ** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में लेथब्रिज यूनिवर्सिटी, कनाडा के प्रेसिडेंट डॉ. दिग्वीर सिंह जायस का आगमन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय में एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संवाद एवं विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें भारत और कनाडा के विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया।बैठक के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच कृषि जैव प्रौद्योगिकी, स्टोरेज एंटोमोलॉजी (भंडारण कीट विज्ञान), तथा कृषि नवाचार एवं तकनीकी हस्तांतरण जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. जायस ने बताया कि इन क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग से न केवल अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि छात्रों और वैज्ञानिकों को वैश्विक स्तर पर नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

अपने वक्तव्य में डॉ. जायस ने छात्रों एवं युवा वैज्ञानिकों के लिए कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया, जिनमें –

- अच्छे शोध एवं सहयोगी प्रपोजल (Research Proposals) तैयार करने के तरीके,
- विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु प्रभावी रेफरेंस लेटर (Letter of Reference) लिखने की प्रक्रिया,





**शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया**

कनाडा के विश्वविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया एवं अवसरों पर जानकारी शामिल थी।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के वैज्ञानिकों एवं प्राध्यापकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. के. के. सिंह ने डॉ. दिग्वीर सिंह जायस का हार्दिक स्वागत किया तथा उन्हें विश्वविद्यालय की अनुसंधान उपलब्धियों एवं चल रहे परियोजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में दोनों संस्थान कृषि अनुसंधान, प्रशिक्षण और विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रमों में मिलकर कार्य करेंगे।कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह द्वारा किया गया। अंत में कुलसचिव ने सभी अतिथियों एवं वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया।

# कनाडा की लेथब्रिज यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष का स्वागत

**मोदीपुरम** : लेथब्रिज यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रेसिडेंट डा. दिग्वीर सिंह जायस शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेने गुरुवार को कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे। बैठक में कृषि जैव प्रौद्योगिकी, भंडारण कीट विज्ञान, कृषि नवाचार व तकनीकी हस्तांतरण जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डा. जायस ने बताया कि इन क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग से न केवल अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि छात्रों और विज्ञानियों को वैश्विक स्तर पर नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

# कृषि विवि पहुंचे कनाडा की लेंथब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेसिडेंट

**मोदीपुरम।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को लेंथब्रिज यूनिवर्सिटी कनाडा के प्रेसिडेंट डॉ. दिग्विर सिंह जायस पहुंचे। इस अवसर पर विवि मे एक शैक्षिक संवाद और विचार विमर्श सत्र का आयोजन किया, जिसमें भारत और कनाडा के विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने पर विशेष बल दिया।

डॉ. जॉयस ने बताया ने छात्रों और युवा वैज्ञानिकों के लिए अच्छे शोध और सहयोगी प्रपोजल तैयार करने के तरीके, विदेशी विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रभावी रेफरेंस लेटर लिखने की प्रक्रिया और कनाडा के विश्वविद्यालय में छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया और अवसरो के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राम जी सिंह ने किया।